# Hindi Murli Quiz 08-04-2015

ये क्विज आज की मुरली पर आधारित है| मुरली सुनने के लिए यहाँ क्लिक करें| पुरानी क्विज  के लिए यहाँ क्लिक करें |

**Q.1)** **शब्दों को अर्थों के अनुसार जोडें --**

| | Choice | Match |
|---|---|---|
| A | बाप कहते हैं मैं समझाता इनको हूँ | सुनते तुम हो। |
| B | झाड़ के हिसाब से | और सब धर्म वाले आते ही पीछे हैं। |
| C | आत्मा कहती है हम तमोप्रधान हैं | तो घर कैसे जायेंगे, स्वर्ग में कैसे जायेंगे? |
| D | दुनिया में यह भी किसको पता नहीं कि | आत्मा ही अच्छी वा बुरी बनती है। |
| E | बाप सभी का माशूक है | सभी आशिक हैं। |
| F | बहुत मीठा माशुक है। | नहीं तो सभी उनको याद क्यों करते? |

**Q.2)** **शब्दों को अर्थों के अनुसार जोडें --**

| | Choice | Match |
|---|---|---|
| A | बाबा ने कहा था पहले तो यह सिद्ध करो | भगवान किसको कहा जाता है। |
| B | स्वर्ग भी यहाँ, नर्क भी यहाँ होता है। | दोनों बिल्कुल न्यारे हैं। |
| C | सतयुग को लाखों वर्ष दे दिया है। | कलियुग के लिए कहते हैं 40 हज़ार वर्ष पड़े हैं। |
| D | मुख्य फुरना ही यह रखना है कि | हम सतोप्रधान कैसे बनें? |
| E | सर्वव्यापी कह देते तो | फिर याद किसको? |
| F | बाप समझाते हैं तुम कितने नास्तिक बन गये हो। | बाप को ही नहीं जानते हो। |

**Q.3)** **मुरली की पहली लाइन के अनुसार उत्तर दें | बच्चों ने क्या सुना? बच्चों की किससे दिल लगी हुई है?**

A. ○ टीचर से |
B. ◉ गाइड से।
C. ○ सतगुरु से |
D. ○ माशूक से |
E. ○ बाप से |

**Q.4)** **शब्दों को अर्थों के अनुसार जोडें -- ( आज के वरदान पर आधारित )**

| | Choice | Match |
|---|---|---|
| A | हर शक्ति रूपी भुजा को आर्डर प्रमाण चलाने वाले | मास्टर रचयिता भव ! |
| B | कर्म शुरू करने के पहले | जैसा कर्म वैसी शक्ति का आह्वान करो। |
| C | मालिक बनकर | आर्डर करो। |
| D | यह सर्वशक्तियां | आपकी भुजा समान हैं | |
| E | आपकी भुजायें आपके आर्डर के बिना | कुछ नहीं कर सकती। |
| F | आर्डर करो सहन शक्ति कार्य सफल करो | देखो सफलता हुई पड़ी है | |
| G | लेकिन आर्डर करने के बजाए डरते हो- | कर सकेंगे वा नहीं कर सकेंगे। |
| H | इस प्रकार का डर है तो | तो आर्डर चल नहीं सकता | |
| I | मास्टर रचयिता बन हर शक्ति को आर्डर प्रमाण चलाने के लिए न | निर्भय बनो। |

**Q.5)** **पास विद् ऑनर होने के लिए सिर्फ एक सब्जेक्ट में नहीं, सब सब्जेक्ट में पूरा ध्यान देना है। ___ भी चाहिए, ___ भी ऐसी चाहिए, ___ भी चाहिए।**

***(उत्तर एक या एक से ज्यादा भी हो सकते हैं)***

- A. ☐ मधुरता
- B. ☐ पवित्रता
- C. ☑ चलन
- D. ☑ ज्ञान
- E. ☐ नम्रता
- F. ☐ दिव्यता
- G. ☑ दैवीगुण

**Q.6)** **हिन्दुस्तान अक्षर कोई राइट नहीं है, इसका असुल नाम तो भारत ही है। भारतखण्ड कहते हैं। यह तो गलियों आदि के नाम बदले जाते हैं। खण्ड का नाम थोड़ेही बदला जाता है। महाभारत अक्षर है ना। सबमें भारत ही याद आता है। गाते भी हैं भारत हमारा देश है। हिन्दू धर्म कहने से भाषा भी हिन्दी कर दी है। यह है अनराइटियस।**

- A. ○ False / ये वाक्य गलत है
- B. ◉ True / ये वाक्य सही है

**Q.7)** **ऐसे नहीं सिर्फ परमात्मा को नहीं जानते। ___ को भी नहीं जानते। ____ को जान जाएं तो परमात्मा को फट से जान जायें।**

- A. ○ चक्र
- B. ○ कोई भी उत्तर सही नहीं है |
- C. ○ स्वर्ग
- D. ◉ आत्मा

**Q.8)** **बाबा ने चित्र बनाया है- गीता का भगवान कौन? क्यों ?**

- A. ○ क्योंकि मनुष्यों को क्लियर समझ आ जाए |
- B. ◉ क्योंकि हूबहू तुमको गीता सुनाते हैं |
- C. ○ क्योंकि गोले में संगमयुग भी दिखाया है |

**Q.9)** **शब्दों को अर्थों के अनुसार जोडें --**

| | Choice | Match |
|---|---|---|
| A | मीठे बच्चों को समझाते रहते हैं बहुत मीठे- मीठे बनो। कोई से भी लूनपानी न बनो, क्षीरखण्ड बनो। | वहाँ शेर- बकरी भी क्षीरखण्ड रहते हैं। |
| B | भगवानुवाच है तो | जरूर शरीर द्वारा वाच होगी ना। |
| C | कोई भी ऐसा मनुष्य नहीं होगा | जिसके मुख से परमात्मा का नाम नहीं निकले। |
| D | सारा दिन यह ख्यालात चलने चाहिए कि | कौन- सा चित्र मुख्य हो, जिस पर हम अच्छी रीति समझा सकते हैं। |
| E | गीतः- | न वह हमसे जुदा होंगे ..... |
| F | कीड़ों को समाप्त करने की दवाई है | मनमनाभव |

**Q.10)** **क्टर की मत पर डॉक्टर बनेंगे। पर भगवान की मत पर भगवान भगवती बनना होता है, ऐसा नहीं है।**

- A. ◉ False / ये वाक्य गलत है
- B. ○ True / ये वाक्य सही है